(Accredited A++ by NAAC)

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय,

गोरखपुर–273009

पत्रांकः 1322/कमेटी/2024 दिनांक 20/11/2024

सूचना

एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के पत्र संख्या–1319/कमेटी/2024 दिनांक 05.11.2024 के द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024–25 हेतु विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में संचालित नियमित एवं स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों (स्नातक, परास्नातक, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स) के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश एवं पंजीकरण फार्म पूरित कर जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 11.11.2024 तक रू0 500/– प्रति छात्र विलम्बशुल्क के साथ निर्धारित की गई थी। परन्तु कुछ महाविद्यालयों द्वारा अनुरोध किया गया है कि उनके महाविद्यालय के कतिपय अभ्यर्थियों के प्रवेश एवं पंजीकरण फार्म पूरित नहीं किए जा सके हैं।

उक्त आदेश तथा मा0 कुलपति जी के आदेश के क्रम में प्रवेश एवं पंजीकरण फार्म रू0 500/– प्रति छात्र विलम्बशुल्क के साथ पूरित कर जमा करने की अंतिम तिथि पुनः दिनांक **22.11.2024 तक निर्धारित की जाती है।**

जिन छात्र/छात्राओं द्वारा उक्त अवधि में प्रवेश एवं पंजीकरण फार्म नहीं पूरित किया जाता है, तो ऐसे छात्र/छात्रायें किसी भी दशा में परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पायेंगे।

कुलसचिव

पृष्ठाकंन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध समस्त राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालय।
2. परीक्षा नियंत्रक/वित्त अधिकारी, दी0द0उ0गो0वि0गो0।
3. समन्वयक आई0टी0सी0 सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों को उनकी लागिन में प्रेषित करने के साथ–साथ विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
4. निदेशक सूचना, प्रकाशन एवं जनसम्पर्क केन्द्र को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
5. प्रभारी, एजेन्सी, दी0द0उ0गो0वि0गो0।
6. प्रभारी,सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
7. वै0स0 कुलसचिव।

उप कुलसचिव